

# 24 भारतीय भाषाओं के बाल साहित्यकार किए जाएंगे पुरस्कृत

**विश्ववार्ता संवाददाता**









**लखनऊ।** साहित्य अकादेमी द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाले प्रतिष्ठित बाल साहित्य पुरस्कार 2024 अर्पण समारोह इस बार लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। गुरुवार को भागीदारी भवन प्रेक्षागृह, छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन, गोमती नगर में आयोजित हो रहे समारोह में अतिथि साहित्यकार सूर्य प्रसाद दीक्षित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक करेंगे और उन्हीं के करकमलों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साहित्य अकादेमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा समापन वक्तव्य और साहित्य अकादेगी के सचिव के श्रीनिवासराव स्वागत वक्तव्य देंगे। पुरस्कृत बाल साहित्यकारों को उत्कीर्ण ताम्रफलक तथा 50.000/- रुपए की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी।

बाल साहित्य पुरस्कार 2024 प्राप्त करने वाले लेखक है रंजु हाजरिका (असमिया), दीपान्विता राय (बाड्ला), भार्जिन जेक भा मोसाहारी (बोलो) बिशन सिंह दर्दी (डोगरी) नंदिनी सेनगुप्ता (अंग्रेजी) मिरा पिनाकिन भट्ट (गुजराती) देवेंद्र कुमार (हिंदी), कृष्णमूर्ति बिक्रिगेरे (कन्नड) मुजफ्फर हुसैन दिलबर (कश्मीरी) हर्षा सदगुरू शेटये (कोंकणी), नारायणजी (मैथिली), उन्नी अम्मायंबळम् (मलयाळम्) क्षेत्रिमयुम सुवदनी (मणिपुरी), भारत सासणे (मराठी), वसत थापा (नेपाली), मानस रंजन सामल (ओड़िआ) कुलदीप सिंह दीप (पंजाबी), प्रहलाद सिंह झोरड़ा (राजस्थानी), हर्षदेव माधव (संस्कृत), दुगाई टुडु (संताली), लाल होतचंदानी लाचार (सिंधी), युमा वासुकि (तमिळ) पामिदिमुक्कला चंद्रशेखर आजाद (तेलुगू) और शम्सुल इस्लाम फारूकी (उर्दू)। 15 नवंबर 2024 को पूर्वाह्न 10:00 बजे पुरस्कृत बाल साहित्यकारों के साथ लेखक सम्मिलन का आयोजन निराला सभागार, उत्तर प्रदेश हिंदी सस्थान में होगा। इसने पुरस्कार विजेता अपने स्वीकृति वक्तव्य तथा रचनात्मक लेखन के अनुभवों को साझा करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य अकादेमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा करेंगी।

इसके बाद अपराह्न 2:30 बजे से बाल लेखन अतीत, वर्तमान और भविष्य विषयक बाल साहिती कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न भारतीय भाषाओं के साहित्यकार अपने विचार व्यक्त करेंगे। इसके साथ ही अन्य तैयारी भी पूरी हो चुकी है।